आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 13 अंक : 48 लखनऊ, मंगलवार 28 मार्च 2023 से 06 अप्रैल 2023 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक

## यूपी में कोरोना के मामले बढ़ने से सरकार सतर्क, सीएम योगी ने टेस्ट बढ़ाने के दिए निर्देश

लखनऊ। यूपी समेत पूरे देश में कोरोना के मामले बढ़ने से सतर्क मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में एहितयात बरतने और टेस्ट बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। सीएम योगी ने सोमवार को टीम–९ की बैठक में प्रदेश में कोविड–१९ और इन्फ्लुएंजा की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पिछले सात दिनों में करीब दो लाख २० हजार टेस्ट किए गए और २६५ कोविड पजिटिव मरीज पाए गए। प्रदेश में प्रति १० लाख की आबादी पर ०१ कोविड पजिटिव मरीज है। वर्तमान में २६२ एक्टिव केस हैं और किसी की स्थिति गंभीर नहीं है। सभी घर पर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। वर्तमान में देश में किए जा रहे कुल कोविड टेस्ट का ३५–४० फीसदी टेस्ट उत्तर प्रदेश में हो रहा है। सतर्कता और सुरक्षा के दृष्टिगत इसे और बढ़ाए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह लखनऊ, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में सर्वाधिक केस मिले हैं। यहां विशेष सतर्कता की आवश्यकता है। लखीमपुर के एक विद्यालय में पजिटिव पाई गई सभी लोगों की स्थिति ठीक है। सभी को क्वारेन्टीन किया गया है। इनके



स्वास्थ्य की सतत निगरानी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश कोविड टीकाकवर से सुरक्षित है। सर्वाधिक टीकाकरण उत्तर प्रदेश में हुआ है। ऐसे में किसी बड़े खतरे की आशंका न्यून है। आगामी दिनों के मंदिरों व अन्य धर्मस्थलों में लोगों का आवागमन बढ़ेगा। ऐसे में संक्रमण प्रसार की संभावना हो सकती है। ऐसे में गंभीर रोग से ग्रस्त, वृद्धजन भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आवागमन से यथासंभव बचने का प्रयास करें। यदि जाएं तो मास्क लगाकर ही जाएं। इस संबंध में लोगों को जागरूक किया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए। सीएम योगी ने कहा कि देश में बढ़ते केस को देखते हुए तत्काल सभी ७५ जिलों में कोविड डेडिकेटेड हस्पिटल चिन्हित किए जाएं। विगत वर्ष स्थापित सभी अक्सीजन प्लांट क्रियाशील हों। अस्पतालोंध्मेडिकल कलेजों को उपलब्ध कराए गए वेंटिलेटर एक्टिव हों। पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती हो। जहां वेंटिलेटर हो वहां एनेस्थेटिक की तैनाती जरूर की जाए। कोविड के साथ–साथ इन्फ्लूएंजा के संदिग्ध मरीजों की निगरानी की जाए। आगामी ११–१२ अप्रैल को पूरे प्रदेश में अस्पतालों में मक ड्रिल करते हुए अपनी तैयारियों की परख की जाए।

## बिलकिस बानो की याचिका पर केंद्र-गुजरात सरकार को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने २००२ के गुजरात दंगों के दौरान गैंगरेप और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या के दोषी ११ लोगों की समय से पहले रिहाई के खिलाफ बिलकिस बानो द्वारा दायर याचिका पर केंद्र और गुजरात सरकार को नोटिस जारी किया और अपराध को ष्भयानकष् बताया। यह १८ अप्रैल को मामले की व्यापक सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरथना की एक नई बेंच ने केंद्र और गुजरात सरकार से छूट से संबंधित फाइलें पेश करने को कहा। पीठ ने छूट को चुनौती देने वाली छह याचिकाओं का एक समूह लिया–जबकि इनमें से एक याचिका बानो द्वारा दायर की गई थी, अन्य को जनहित याचिका (पीआईएल) के रूप में दायर किया गया था, जो पिछले अगस्त में दोषियों की समय से पहले रिहाई को लेकर उठे हंगामे के मद्देनजर दायर की गई थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने एक नई बेंच स्थापित करने पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की है। बानो के वकील ने बताया कि इस मामले की सुनवाई दिसंबर से नहीं



हुई थी, क्योंकि निर्दिष्ट पीठ के एक न्यायाधीश ने मामले से खुद को अलग कर लिया था। सुप्रीम कोर्ट के नियमों के तहत, रोस्टर के मास्टर के रूप में ये सीजेआई का विशेषाधिकार है कि वह अलग–अलग बेंचों को मामले सौंपे। २००२ के दंगों के दौरान हिंसा से भागते समय बानो २१ साल की थी और पांच महीने की गर्भवती थी, और उसकी तीन साल की बेटी मारे गए सात लोगों में से एक थी।

## हाईकोर्ट का फर्जी आदेश बनाने वालों को तीन वर्ष की सजा

लखनऊ। सीबीआई की विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट यशा शर्मा ने हाईकोर्ट का फर्जी आदेश तैयार कर दोहरे हत्याकांड में आजीवन कैद की सजा पाए एक अभियुक्त को रिहा कराने के मामले में दोषी करार दिए गए अभियुक्त बृजेश कुमार वर्मा, भुल्लन कुमार यादव व रजत कुमार यादव उर्फ पुराने को तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्तों पर छह–छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मामले में नौ जनवरी, २०१४ को हाईकोर्ट के आदेश से सीबीआई ने इस मामले की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु की थी। सीबीआई ने पाया कि २० अगस्त, २००७ को पारित हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के एक फर्जी आदेश से रायबरेली जेल में निरुद्ध आरोपी भुल्लन यादव को रिहा कराया गया था।

## यूपी निकाय चुनाव को सुप्रीम कोर्ट से मिली हरी झंडी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव को सुप्रीम कोर्ट ने दी हरी झंडी। अब यूपी का चुनाव आयोग जारी करेगा नोटफ्फिफ्केिशन। उच्चतम न्यायासय ने ओबीसी आरक्षण के साथ निकाय चुनाव कराने की इजाजत दी है साथ ही OBC आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार किया है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को निकाय चुनाव का नोटिफिकेशन जारी करने की इजाजत दी है। वहीं यूपी सरकार ने कहा अगर कोर्ट इजाजत देता है तो वह दो दिन के भीतर चुनाव का नोटिफिकेशन जारी कर सकती है। सलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि २८ दिसंबर २०२२ को व्ठब् आयोग का गठन किया गया था, इस मामले को लेकर ७ मार्च २०२३ को आयोग ने अपनी रिपोर्ट दी।

## मुख्तार अंसारी बंदी को मारने और जेलर को धमकी देने के मामले में बरी

लखनऊ। लखनऊ जेल में बंद रहने के दौरान मुख्तार अंसारी व उसके गुर्गो द्वारा बंदी को मारने पीटने तथा जेलर व उप जेलर को धमकी देने के २३ साल पुराने मामले में एमपी–एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेम अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव ने आरोपी मुख्तार अंसारी, लालजी यादव, कल्लू पंडित, युसूफ चिश्ती व आलम को साक्ष्य के आभाव में बरी कर दिया है। अदालत ने अपने निर्णय में कहा है कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने में असफल रहा है। इस मामले में आरोपी लालजी यादव, कल्लू पंडित, युसूफ चिश्ती एवं आलम के विरुद्ध १७ अगस्त २०२१ को आरोप तय किए गए थे जबकि मुख्तार अंसारी के विरुद्ध २८ मार्च २०२२ को आरोप तय किए गए थे। पत्रावली के अनुसार मामले की रिपोर्ट



जेलर एसएन द्विवेदी व उप जेलर बैजनाथ राम ने १ अप्रैल २००० को थाना आलमबाग में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि २६ मार्च २००० को करीब ६रू०० बजे शाम को पेशी से वापस आकर जिस समय बंदी जेल में जा रहे थे, उसी समय जिस बैरक में बंदी चांद बंद था, उसमें माफिया विधायक मुख्तार अंसारी अपने साथी युसूफ चिश्ती, आलम, कल्लू पंडित, प्रभु जिंदर सिंह एवं लालजी यादव गए और सभी ने बंदी चांद को बुरी तरह से मारना शुरू कर दिया। आरोप था कि जब जेलर व उप जेलर ने बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने जेल के अधिकारियों व प्रधान बंदी रक्षक स्वामी दयाल अवस्थी पर हमला बोल दिया। यह भी आरोप था कि अलार्म होने पर आरोपी पथराव करते हुए अपने–अपने बैरक में चले गए तथा दोनों जेल अधिकारियों को धमकी दी थी कि उन्हें व उनके परिवार को मार दिया जाएगा।

## सपा ने लोकसभा प्रभारी समेत कई प्रकोष्ठ पदाधिकारियों की जारी की सूची

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति के बाद यूपी के लोकसभा क्षेत्रों में ०५ जून, २०२३ तक बूथ कमेटियां गठित कराने के लिए लोकसभा प्रभारी घोषित किए गए हैं। इसके अलावा कई जिलों के जिलाध्यक्षों की सूची भी जारी की गई है। वहीं सोमवार को समाजवादी





पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने इस आशय का एक पत्र जारी किया है। साथ ही समाजवादी पार्टी ने समाजवादी फ्रंटल संगठन में समाजवादी व्यापार सभा का प्रदेश अध्यक्ष, समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष की भी सूची जारी की है। समाजवादी पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार निम्नलिखित लोकसभा क्षेत्रों में दिनांक ०५ जून, २०२३ तक बूथ कमेटियां गठित कराने हेतु प्रभारी घोषित किए जाते हैं। समाजवादी पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी की स्वीति से निम्नलिखित जनपदों के समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष महानगर अध्यक्ष एवं जिला महासचिव नामित किए जाते हैं।

# सम्पादकीय

## प्रकरण कानून नहीं बल्कि राजनीतिक है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि मामले में सजा सुनाने और उसके बाद उनकी संसद सदस्यता खारिज करने की पूरी प्रक्रिया पर अगर गंभीरता से सोचा जाए, यह कहने का पूरा आधार नजर आता है कि ये पूरा प्रकरण कानून नहीं, बल्कि राजनीतिक है। मुमकिन है कि लंबी अवधि में राहुल गांधी कानूनी प्रक्रिया से भी इसमें कुछ राहत हासिल कर लें। लेकिन यह उन्हें और उनके सलाहकारों के सामने भी अवश्य ही स्पष्ट होगा कि इस चुनौती का मुकाबला राजनीतिक मोर्चे पर ही किया जा सकता है। गौरतलब यह है कि राहुल गांधी को लोकसभा से निकालने की एक अन्य प्रक्रिया सत्ताधारी पार्टी ने शुरू कर रखी थी। अडानी प्रकरण पर सदन में उन्होंने जो भाषण दिया, उससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेषाधिकार हनन बताने वाला एक प्रस्ताव अभी स्पीकर के विचाराधीन था। इस बीच २०१६ के मामले में अचानक न्यायिक प्रक्रिया असामान्य रूप से तेज की गई और उससे उन्हें संसद से निकालने का रास्ता निकल आया। संभवतः सत्ता पक्ष को यह रास्ता कम जोखिम भरा मालूम पड़ा होगा। इसलिए कि अगर विशेषाधिकार हनन मामले में उन्हें सदन से निकाला जाता, तो उसे संसदीय बहुमत के अत्याचार के रूप में पेश करना अधिक आसान होता। जबकि फिलहाल, इसे न्यायिक प्रक्रिया का परिणाम बताया जा रहा है। लेकिन सच की एक आदत यह होती है कि वह छिपता नहीं है। इसीलिए सत्ता पक्ष से जुड़ा कोई व्यक्ति भी इस बात के मुतमईन नहीं होगा कि राहुल गांधी को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष प्रक्रिया के जरिए सदन निकाला दिया गया है। अगर न्यायिक प्रक्रिया पर सवाल ना भी उठाए जाएं, तब भी यह प्रश्न तो कायम है कि राजनीतिक विमर्श और आपराधिक न्याय प्रक्रिया के दायरे में ले जाने की रणनीति आखिर किसने अपनाई है? राजनीतिक दायरे में अगर सबसे तीखी जुबान बोलने वाली शक्ति की पहचान की जाए, तो उसमें आज की सत्ताधारी पार्टी और उसके पुराने एवं वर्तमान नेताओं के नाम संभवतः सबसे ऊपर की श्रेणी में आएंगे। इस रूप में तो उनकी सियासत हमेशा खतरे में रहेगी! या सत्ताधारी नेता यह भी मानने लगे हैं अब यह सत्ता स्थायी रूप से उनकी हो गई है?

# इन्फ्लूएंजा और कोविड मरीजों को मिले तत्काल इलाजः योगी

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश में कोविड–१६ और इन्फ्लुएंजा की स्थिति का आकलन करने के लिए टीम ६ के साथ उच्च–स्तरीय बैठक की। बैठक में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक संबंधी तैयारी, टीकाकरण अभियान की स्थिति, कोविड–१६ के नए वेरिएंट और इन्फ्लुएंजा के वेरिएंट का संक्रमण से बचाव और आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा के सम्बंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विगत सात दिनों में प्रदेश में लगभग दो लाख २० हजार टेस्ट किए गए और २६५ कोविड पजिटिव मरीज पाए गए। प्रदेश में प्रति १० लाख की आबादी पर एक कोविड पजिटिव मरीज है। वर्तमान में २६२ एक्टिव केस हैं और किसी की स्थिति गंभीर नहीं है। सभी घर पर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। वर्तमान में देश में किए जा रहे कुल कोविड टेस्ट का ३५–४० फीसद टेस्ट उत्तर प्रदेश में हो रहा है। सतर्कता और सुरक्षा के दृष्टिगत इसे और बढ़ाए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बीते सप्ताह के परिणाम बताते हैं कि लखनऊ, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में सर्वाधिक केस मिले हैं। यहां विशेष सतर्कता की आवश्यकता है। लखीमपुर के एक विद्यालय में पॉजिटिव पाए गए सभी लोगों की स्थिति ठीक है। सभी को क्वारेन्टीन किया गया है। इनके स्वास्थ्य की सतत निगरानी की जाए। सीएम ने कहा कि यूपी कोविड टीकाकवर से सुरक्षित है। सर्वाधिक टीकाकरण उत्तर प्रदेश में हुआ है। ऐसे में किसी बड़े खतरे की आशंका कम है। आगामी दिनों मंदिरों व अन्य धर्मस्थलों में लोगों का आवागमन



बढ़ेगा। ऐसे में संक्रमण प्रसार की संभावना हो सकती है। ऐसे में गंभीर रोग से ग्रस्त, वृद्धजन भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आवागमन से यथासंभव बचने का प्रयास करें। यदि जाएं तो मास्क लगाकर ही जाएं। इस संबंध में लोगों को जागरूक किया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि कोविड से बचाव के लिए यहां सभी संसाधन उपलब्ध हैं। देश में बढ़ते केस को देखते हुए तत्काल सभी ७५ जिलों में कोविड डेडिकेटेड हॉस्पिटल चिन्हित किए जाएं। विगत वर्ष स्थापित सभी ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हों। अस्पतालों/मेडिकल कॉलेजों को उपलब्ध कराए गए वेंटिलेटर एक्टिव हों। पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती हो। जहां वेंटिलेटर हो वहां एनेस्थेटिक की तैनाती जरूर की जाए। योगी ने कहा कि कोविड के साथ–साथ इन्फ्लूएंजा के संदिग्ध मरीजों की निगरानी की जाए। आगामी ११–१२ अप्रैल को पूरे प्रदेश में अस्पतालों में मॉकड्रिल करते हुए अपनी तैयारियों की परख की जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर में संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय के साथ विशेष अभियान संचालित होता है। इस वर्ष १ अप्रैल से इसका नवीन चरण प्रारंभ हो रहा है। अभियान को प्रभावी बनाना सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकारी प्रयास के साथ–साथ जन सहभागिता भी महत्वपूर्ण है। योगी ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में बच्चों के नामांकन में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। इस वर्ष आगामी १ अप्रैल से प्रदेशव्यापी 'स्कूल चलो अभियान' प्रारंभ किया जा रहा है। संचारी रोग अभियान की भांति इस स्कूल चलो अभियान में सांसद, विधायक, जिलाध्क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान सहित हर जनप्रतिनिधि की होगी सहभगिता सुनिश्चित की जाए।

## चारबाग फुटओवर ब्रिज पर लिफ्ट लगेंगी

लखनऊ। उपाध्यक्ष ने चारबागर का निरीक्षण किया। जहां रेलवे स्टेशन के सामने बने फुटओवर ब्रिज पर यात्रियों की सुविधा के लिए लिफ्ट लगाने की बात कही और सहायक अभियंता केबी गुप्ता को निर्देश दिए। बताया कि फुटओवर ब्रिज पर चढ़ने के लिए यात्रियों को रैंप या सीढ़ी से जाना पड़ता है। इसके चलते लोग फुटओवर ब्रिज का प्रयोग न करके सड़क पार करते हैं। इससे हादसे का डर रहता है। सुरक्षा व सुविधा की दृष्टि से फुटओवर ब्रिज के तीनों इंट्री–एक्जिट प्वाइंट्स पर लिफ्ट लगाई जाए। स्ट्रक्चर का राइट्स एजेंसी के माध्यम से थर्ड पार्टी अडिट कराया जाएगा। उपाध्यक्ष ने बटलर पैलेस पार्क का भी निरीक्षण किया। जिसमें औद्यानिकीकरण का आकर्षक कार्य कराने को कहा। साथ ही बच्चों के खेलकूद के लिए झूले लगाने के साथ व्यवस्कों के लिए ओपन जिम बनाने के निर्देश दिए।

## सीबीडी की तर्ज पर विकसित होगा कपूरथला बाजार

लखनऊ। शहर के प्रमुख कमर्शियल हब में से एक कपूरथला बाजार को लखनऊ विकास प्राधिकरण सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट (सीबीडी) की तर्ज पर पुनर्विकसित करेगा। जहां मल्टीलेवल पार्किंग, पिंक शौचालय व अन्य सुविधाएं मिलेंगी। फुटपाथ से अतिक्रमण हटाकर पैदल चलने के लिए बैरियर फ्री पेवमेंट बनाया जाएगा। रविवार को उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने अभियंताओं के साथ बाजार का निरीक्षण किया और स्थिति जानी। इस दौरान व्यापारियों ने पार्किंग, कब्जा व महिलाओं के लिए शौचालय न होना बताया। इस पर उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि पार्किंग की जगह से अतिक्रमण फौरन हटवाएं। आर्किटेक्ट रजनीश अग्रवाल को निर्देश दिए कि व्यापारियों के साथ बैठक कर कपूरथला बाजार को सीबीडी की तर्ज पर विकसित करने की कार्ययोजना बनाएं। बाजार के लीज प्लान का परीक्षण कराकर कब्जेदारों को चिह्नित कर नोटिस जारी कर जगह खाली कराएं और मल्टीलेवल पार्किंग व पिंक टॉयलेट बनाने के लिए स्थान चिन्हित करें। बाजार के पीछे स्थित पार्क में अंडरग्राउंड पार्किंग विकसित करने का विकल्प है। जिसका परीक्षण कराएं। फुटपाथ से अतिक्रमण हटाकर पैदल चलने के लिए बैरियर फ्री पेवमेंट बनाएं। जाम की समस्या दूर करने के लिए वन–वे ट्रैफिक एवं टाइम बेस्ड वेन्डिंग के विकल्पों पर भी विचार करें। इस मौके पर अधिशासी अभियंता नवनीत शर्मा, सहायक अभियंता प्रवीण कुमार, सहायक अभियंता अनिल कुमार, अवर अभियंता जाकिर अली व आर्किटेक्ट रजनीश अग्रवाल समेत व्यापार मण्डल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सारस और बारहसिंघा के लिए जंगलों में बनेंगे स्पेशल पार्क : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि घने जंगलों में राज्य पक्षी सारस और राज्य पशु बारहसिंघा के लिए विशेष पार्क विकसित किये जाने चाहिए। वन विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि वन विभाग प्रदेश के जंगलों को ईको टूरिज्म के रूप में विकसित करने के लिए सकारात्मक भाव के साथ कार्य करे। वनों में मौजूद जलराशियों की साफ सफाई और उनकी मेड़ों पर व्यापक पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। वन विभाग ऐसे विभागों को चिह्नित करे, जिनसे पर्यावरण और वन संपदा को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है। इसके बाद उनकी सीएसआर निधि को पर्यावरण संरक्षण के लिए कैसे उपयोग कर सकते हैं, इसके लिए जल्द से जल्द एक व्यवस्था तैयार करें। मुख्यमंत्री ने जलोत्सव माह का भी शुभारंभ किया और २६वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने और पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों से संवाद किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के वन विभाग की टीम को १२ स्वर्ण, १८ रजत और १३ कांस्य पदक प्राप्त हुए हैं। योगी ने कहा कि वन विभाग के कर्मचारियों के ऊपर आज बड़ी जिम्मेदारी है। पूरी दुनिया आज इस बात के लिए चिंतित है कि पृथ्वी का क्या होगा, क्योकिं दुनियाभर में पर्यावरण परिवर्तन देखने को मिल रहा है। ऐसे दौर में पर्यावरण संरक्षण को लीड करना सबसे बड़ी आवश्यक्ता है। जलवायु परिवर्तन के



दुष्परिणाम से ना केवल मनुष्य बल्कि पूरी जीव सृष्टि को बचाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले छह वर्ष में प्रदेश में १०० करोड़ से अधिक वृक्षारोपण हुआ है, जिससे यूपी का फरेस्ट कवरेज बढ़ा है। साथ ही साथ यूपी के वनों में वन्यजीवों की संख्या बढ़ी है। जो जंगल अनवरत काटे जा रहे थे उन्हें नियंत्रित किया गया है। अवैध खनन को प्रतिबंधित किया गया है। हर स्तर पर वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए पुख्ता कदम उठाए गये हैं। इसके अलावा अन्य कार्यक्रम भी हुए हैं, जिसमें टाइगर रिजर्व के लिए नई साइट बन रही हैं और वेटलैंड घोषित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज इस अवसर पर जलोत्सव माह की घोषणा हो रही है। यूपी में हजारों अमृत सरोवर बनाए गये, जहां व्यापक तौर पर वृक्षारोपण का कार्य हुआ। हम ये कार्य जंगल के जलाशयों को लेकर भी शुरू कर सकते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि इस बार वन महोत्सव के दौरान जलाशयों के मेड़ पर व्यापक रूप से वृक्षारोपण का कार्यक्रम शुरू किया जाए। हमें गंगा और यमुना के आसपास नये वेटलैंड को बनाना होगा। जंगलों को ईको टूरिज्म के रूप में विकसित करना होगा। राज्य पशु बारहसिंघा और और राज्य पक्षी सारस के संरक्षण के लिए जंगलों के बीच में विशेष पार्क विकसित किये जाएं। हमें इन सभी कार्यों को सकारात्मक भाव से आगे बढ़ाना होगा। कार्यक्रम में पर्यावरण वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना, राज्यमंत्री केपी मलिक, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव पर्यावरण वन मनोज सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक ममता संजीव दुबे मौजूद रहे।

# योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का एक साल पूरा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नीत भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का शनिवार को एक वर्ष पूरा कर लिया। उत्तर प्रदेश भाजपा के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से सरकार के दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर शनिवार को बधाई और शुभकामना दी गयी। पार्टी के सिलसिलेवार ट्वीट में कहा गया ' भाजपा सरकार के सफलतम छह वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।' भाजपा ने एक अन्य ट्वीट में कहा, '२०१७ के पहले धूमिल था जिसका अस्तित्व और नाम, भाजपा सरकार में यूपी लिख रहा उन्नति के नये आयाम।' प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली



सरकार के दूसरे कार्यकाल एक वर्ष सफलतापूर्वक पूरा होने पर प्रदेश भर में अलग–अलग आयोजन किये जा रहे हैं। श्रीवास्तव ने कहा,' योगी जी ने मुख्यमंत्री के रूप में कड़े और बड़े फैसले लेकर उत्तर प्रदेश का इतिहास बदलने का अद्भुत कार्य किया है।' भाजपा प्रवक्ता ने प्रदेश में माफिया के खिलाफ की गयी कार्रवाई और विभिन्न क्षेत्रों में किये गये विकास कार्यों का ब्यौरा देते हुए कहा, 'योगी जी ने उत्तर प्रदेश को रामराज्य की तरफ ले जाने की महती भूमिका निभाई है।' गौरतलब है कि २०२२ में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा को दोबारा पूर्ण बहुमत मिलने के बाद आदित्यनाथ ने २५ मार्च २०२२ को मुख्यमंत्री पद की दूसरी बार शपथ ली थी। इसके पहले २०१७ के विधानसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलने के बाद आदित्यनाथ के नेतृत्व में १६ मार्च २०१७ को प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी थी।

# पिता की गैर इरादतन हत्या मामले में बेटे को १० साल की सजा

लखनऊ। अपर सत्र न्यायाधीश गौरव कुमार ने पिता की गैर इरादतन हत्या करने के मामले में अभियुक्त पुत्र अनिल कुमार द्विवेदी को दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर सुनवाई के पश्चात न्यायालय ने अभियुक्त को दस वर्ष की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त पर दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सरकारी वकील अशोक त्रिपाठी व आशुतोष वाजपेई के मुताबिक इस मामले की एफआईआर मृतक की पत्नी कुसुम द्विवेदी ने थाना तालकटोरा में दर्ज



कराई थी। पांच जुलाई, २०१० को वादिनी के पति राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी से अनिल रुपए मांग रहा था। आरोप है कि मना करने पर वह अपने पिता को लाठी, डंडा व रिवाल्वर की बट से बुरी तरीके से मारने लगा और फिर गाली देते हुए भाग गया। इलाज के दौरान अभियुक्त के पिता की मौत हो गई। अभियुक्त की ओर से सजा के प्रश्न पर कहा गया कि घटना में सबसे बाड़ई क्षति उसे ही हुई है लिहाजा सजा देने में उसके प्रति नरमी बरती जाए। हालांकि कोर्ट ने उसकी दलील को खारिज कर दिया।

# प्रमुख सचिव दीपक कुमार के खिलाफ गैर जमानतीय वारंट

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अवमानना के एक मामले में बेसिक शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव दीपक कुमार के खिलाफ गैर जमानतीय वारंट जारी करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए १० अप्रैल की तिथि नियत करते हुए, विभाग के सचिव प्रताप सिंह बघेल और निदेशक सुधा सिंह को भी अगली सुनवाई पर हाजिर रहने को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति इरशाद अली की एकल पीठ ने मान्यता प्राप्त टीचर्स एसोसिएशन व अन्य की याचिका पर पारित किया। याचियों की ओर से दलील दी गई थी कि प्रमुख सचिव, सचिव व निदेशक ने कोर्ट के १४ फरवरी २०१३ व ३० जुलाई २०१४ के आदेशों की अवहेलना किया है और जानबूझ कर रिट कोर्ट के आदेश का पिछले दस साल से अनुपालन नहीं कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि रिट कोर्ट के आदेशों में कोर्ट ने कुछ याचियों को बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राइमरी स्कूलों में बतौर सहायक शिक्षक समायोजित करने पर विचार करने के कहा था। अवमानना याचिका का राज्य सरकार की ओर से विरोध करते हुए, दलील दी गई थी कि याचीगण नियुक्ति पाने के अधिकारी नहीं हैं। १ फरवरी २०२३ को न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात पारित अपने आदेश में कहा कि रिट कोर्ट के आदेश को




न मानकर ये अधिकारी न्याय प्रशासन में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इसी के साथ न्यायालय ने उक्त तीनों अधिकारियों के खिलाफ आरोप तय कर दिया था। सोमवार को अधिकारियों को आरोपों पर जवाब देने के लिए हाजिर होना था। लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से हाजिर होने में असमर्थता जताते हुए, सरकारी वकील के द्वारा प्रार्थना पत्र दाखिल किया जिसे न्यायालय ने खारिज करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रमुख सचिव स्तर का अधिकारी न्यायालय के आदेश को गम्भीरता से नहीं ले रहा है, उसके इस त्य को स्वीकार नहीं किया जा सकता।

# माफिया अतीक अहमद की बहन ने जताई हत्या की आशंका

लखनऊ। माफिया–राजनेता अतीक अहमद को गुजरात की साबरमती जेल से प्रयागराज ले जा रही पुलिस की एक टीम सोमवार को उत्तर प्रदेश की सीमा में दाखिल हुई और शाम तक उसके प्रयागराज पहुंचने की संभावना है। अहमद के भाई खालिद अजीम और अशरफ को भी पुलिस की एक अलग टीम बरेली जेल से प्रयागराज ला रही है। अहमद को साबरमती जेल से ला रही पुलिस टीम सोमवार की सुबह मध्य प्रदेश से झांसी में दाखिल हुई। अहमद का काफिला मीडियाकर्मियों, उसकी बहन आयशा नूरी और वकीलों के साथ झांसी पुलिस लाइन में करीब डेढ़ घंटे तक रुका। अतीक अहमद को वर्ष २००७ में उमेश पाल अपहरण मामले में सोमवार को प्रयागराज की एक अदालत में पेशी के लिए लाया जा रहा है। अहमद उमेश पाल हत्याकांड में भी आरोपी है। पुलिस टीम आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद रविवार शाम करीब छह बजे कड़ी सुरक्षा के बीच साबरमती जेल परिसर से अहमद को लेकर रवाना हुई। अहमद का काफिला आज सुबह अलग–अलग राज्यों से होते हुए उत्तर प्रदेश में दाखिल हुआ और झांसी पुलिस लाइन में रुका। अधिकारियों ने बताया कि यह काफिला जालौन की ओर बढ़ेगा और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से गुजरते हुए आज शाम तक प्रयागराज पहुंचेगा। अतीक अहमद के भाई खालिद अजीम उर्फ घ्अशरफ को भी पुलिस की एक अलग टीम बरेली जेल से प्रयागराज ले जा रही है। बरेली में जेल अधिकारियों ने कहा कि वह पूर्वाह्न करीब १० बजे जेल से निकला। अहमद को प्रयागराज ला रही पुलिस के काफिले के साथ जा रही उसकी बहन आयशा नूरी ने संवाददाताओं से बातचीत में आशंका व्यक्त की है कि रास्ते में उसके भाई की हत्या की जा सकती है। आयशा ने कहा, हमें डर है कि अतीक अहमद को मुठभेड़ में मार दिया जाएगा। वह कोई अपराधी नहीं हैं। उनके खिलाफ जो मामले हैं, वे अभी अदालत में हैं और उन्हें अभी अपराधी नहीं कहा जाना चाहिए। इस बारे में पूछे जाने पर कि वह घबरा क्यों रही हैं, आयशा ने कहा, विधानसभा में दिए गए मुख्यमंत्री के बयान से हम डरे हुए हैं। हमें मुख्यमंत्री पर विश्वास है। वह पूरे सूबे के मुख्यमंत्री हैं। हमद के परिजन ने आशंका व्यक्त की थी कि साबरमती जेल से प्रयागराज लाए जाते वक्त रास्ते में उसकी हत्या की जा सकती है। जब रास्ते में अहमद से पूछा गया कि क्या उसे डर लग रहा है, तो उसने कहा 'काहे का डर।' अहमद ने रविवार को कहा था, 'मुझे इनका कार्यक्रम मालूम है मुझे मारना चाहते हैं।' फूलपुर से समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व सांसद अहमद को जून २०१९ में उच्चतम न्यायालय द्वारा साबरमती केंद्रीय जेल में स्थानांतरित कर दिया गया था। उस वक्त उस पर उत्तर प्रदेश में जेल में रहने के दौरान एक रियल एस्टेट व्यवसायी मोहित जायसवाल के अपहरण और हमले का आरोप लगा था। पुलिस ने कहा कि



अहमद, उमेश पाल हत्याकांड सहित १०० से अधिक आपराधिक मामलों में नामजद है। वर्ष २००५ में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के तत्कालीन विधायक राजू पाल की हत्या के प्रमुख गवाह उमेश पाल और उनके दो सुरक्षा गार्ड की गत २४ फरवरी को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या (उनतकमत) कर दी गई थी इस मामले में अतीक अहमद को प्रमुख अभियुक्त बनाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मुद्दे पर विधानसभा में कहा था कि वह इस माफिया को 'मिट्टी में मिला देंगे।' इस मामले में गत २७ फरवरी और छह मार्च को पुलिस के साथ हुई अलग–अलग मुठभेड़ों में दो आरोपी मारे गये थे। अहमद ने पिछली एक मार्च को उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करते हुए आदित्यनाथ के बयान का हवाला दिया था और कहा था कि उसे तथा उसके परिवार के सदस्यों की जिंदगी को खतरा है। उसने कहा था उत्तर प्रदेश पुलिस हर तरह से उसकी ट्रांजिट रिमांड मांगेगी और अहमदाबाद से प्रयागराज ले जाते वक्त उसकी हत्या कर दी जाएगी। न्यायालय ने मामले को १७ मार्च को त्वरित सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था, लेकिन अहमद के वकील द्वारा कुछ अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय मांगे जाने के बाद सुनवाई स्थगित कर दी गई थी। इस बीच, कन्नौज से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद सुब्रत पाठक ने कहा था कि माफिया विकास दुबे की तरह अतीक अहमद की गाड़ी रास्ते में पलट जाए तो उन्हें हैरानी नहीं होगी। कानपुर के बिकरू गांव में जुलाई २०२० में घात लगाकर आठ पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले के आरोपी माफिया विकास दुबे नौ जुलाई २०२० को उत्तर प्रदेश पुलिस की विशेष कार्य बल (एसटीएफ) द्वारा मध्य प्रदेश से उत्तर प्रदेश लाए जाते वक्त रास्ते में हुई मुठभेड़ में मारा गया था। एसटीएफ का दावा है कि रास्ते में दुबे की गाड़ी पलट गई थी। इसका फायदा उठाकर उसने भागने की कोशिश की थी।

# १४८५ आश्रितों को मिले ४.४५ करोड़ रुपये




लखनऊ। जिले में १४८५ आश्रितों को पारिवारिक लाभ मिला है। जिनके खातों में ४.४५ करोड़ रुपये भेजे गए हैं। जबकि नए वित्तीय वर्ष में दो हजार से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग परिवार के मुखिया की मृत्यु होने पर आश्रित को ३० हजार रुपये पारिवारिक लाभ योजना के देता है। जिसका इस वर्ष बजट देर से मिला था, जबकि लाभार्थी ने आवेदन किए थे और विभाग ने सत्यापन कर लिया था। विभाग को बाद में जो बजट मिला। जिसके सापेक्ष १४८५ आश्रितों को ४.४५ करोड़ रुपये भुगतान कर किए गए हैं। अब दो हजार से अधिक आवेदन और सत्यापित किए गए हैं। जिन्हें नए वित्तीय वर्ष में बजट मिलने पर धनराशि दी जाएगी।

# १५ साल पुराने हत्या मामले में पांच अभियुक्तों को उम्रकैद

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले की एक अदालत ने हत्या के करीब १५ साल पुराने एक मामले में आरोपी पांच अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद और जुर्माने



की सजा सुनायी है। जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार पांडेय ने बुधवार को बताया कि २० मार्च २००८ को जैदपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर कड़ेरा गांव में विजय बहादुर नामक व्यक्ति के बेटे राहुल कुमार और भतीजे धर्मेंद्र कुमार की, गांव के ही निवासी अमर सिंह की बेटी से कहासुनी हो गई थी। इस पर अमर सिंह और उसके परिजन ने दोनों को मारा–पीटा था। उस वक्त दोनों के बीच समझौता हो गया था। उन्होंने बताया कि अगले दिन सुबह राहुल और धर्मेंद्र खेत गए थे। लौटते वक्त घात लगाकर बैठे अमर सिंह, रामविलास, हरिनाम सिंह, पिंटू, अवधेश, शत्रुघ्न और नंदकिशोर नामक अभियुक्तों ने धर्मेंद्र और राहुल पर बंदूक, लाठी–डंडों और गड़ासे से हमला कर दिया। इस दौरान पिंटू द्वारा चलायी गयी गोली लगने से राहुल की मौत हो गयी। पांडेय ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश रवींद्र नाथ दुबे ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मंगलवार को अभियुक्त अमर सिंह, रामविलास, हरिनाम, शत्रुघ्न और नंदकिशोर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और १६–१६ हजार रुपये जुर्माने की सजा नायी। उन्होंने बताया कि सुनवाई के दौरान पिंटू की मृत्यु हो गई थी, वहीं अवधेश पर अपराध साबित न होने के कारण उसे बरी कर दिया गया।

# अतीक अहमद को बेटे समेत कोर्ट से झटका

लखनऊ। सीबीआई के विशेष जज अजय विक्रम सिंह ने राजधानी के एक प्रापर्टी डीलर का अपहरण कर देवरिया जेल में ले जाकर मारने–पीटने व उससे रंगदारी वसूलने के मामले में निरुद्ध अभियुक्त अतीक अहमद व उसके बेटे उमर अहमद की डिस्चार्ज अर्जी को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने अतीक समेत इस मामले के सभी अभियुक्तों पर आरोप तय करने के लिए ७ अप्रैल की तिथि नियत की है। कोर्ट ने जमानत पर रिहा अभियुक्तों को व्यक्तिगत रुप से जबकि जेल में निरुद्ध अतीक समेत अन्य अभियुक्तों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सीबीआई को निर्देश दिया है। २६ दिसंबर, २०१८ को रियल स्टेट कारोबारी मोहित जायसवाल ने इस मामले की एफआईआर थाना कृष्णा नगर में दर्ज कराई थी जिसके मुताबिक देवरिया जेल में निरुद्ध अतीक ने अपने गुर्गों के जरिए गोमती नगर से उसका अपहरण करा लिया और तमंचे के बल पर उसे देवरिया जेल ले जाया गया। आरोप है कि अतीक ने उसे जेल में एक सादे स्टाम्प



पेपर पर दस्तखत करने को कहा, पीड़ित के इंकार करने पर अतीक ने अपने बेटे उमर तथा गुर्गे गुफरान, फारुख, गुलाम व इरफान के साथ मिलकर उसे तमंचे व लोहे की राड से बेतहाशा पीटा और स्टाम्प पेपर पर दस्तखत बनवा लिया और करीब ४५ करोड़ रुपये की सम्पति अपने नाम करा ली। यह भी आरोप है कि अतीक के गुर्गों ने उसकी एसयूवी गाड़ी भी लूट ली। २३ अप्रैल, २०१६ को सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश पारित कर इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दिया था। १२ जून, २०१६ को सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सीबीआई ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु की थी। सीबीआई ने विवेचना के दौरान चार पूरक आरोप पत्र में १० अभियुक्तों को आरोपी बनाया जबकि इससे पहले पुलिस ने अतीक अहमद समेत आठ अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। अतीक अहमद समेत सभी १८ अभियुक्तों को आईपीसी की धारा १४७, १४६, ३८६, ३२६, ४२०, ४६७, ४६८, ४७१, ३६४, ५०६, १२०बी, ३६४ए व ४११ के तहत आरोपी बनाया गया है।

# दबंगों ने युवती के कपड़े फाड़ अश्लील हरकत कर जान से मारने की धमकी दी

लखनऊ। गुडम्बा थाने में एक युवती ने अपनी सगी मां और बहन के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। पीड़िता का कहना है कि सम्पत्ति विवाद के चलते सगी मां ने दबंगों ने सहयोग से पति और बेटी से मारपीट की। इसके बाद दबंगों ने युवती के कपड़े फाड़ अश्लील हरकत कर जान से मारने की धमकी दी है। प्रभारी निरीक्षक नितिश श्रीवास्तव के मुताबिक, कल्याणपुर निवासी एक युवती ने अपनी सगी मां मिथिलेश बाजपेई और बहन अंकिता बाजपेई समेत छह अन्य के खिलाफ मारपीट, बलवा और छेड़खानी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। युवती ने बताया कि उनके दो मकान हैं। वह अपने पिता के साथ रहती है। जबकि मां और बहन दूसरे मकान में उनसे अलग रहती हैं। आरोप है कि, गत २४ मार्च रात आठ बजे मां मिथिलेश बहन अपने संग बहन अंकिता, किराएदार विजय कुमार व प्रीति को लेकर उनके घर पर पहुंची और गाली–गलौज करने लगी। नोंकझोंक बढ़ाने पर मां के कहने पर विजय ने अपने चार साथियों को बुला लिया। इसके बाद दबंगों ने मिलकर पिता–पुत्री की जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने पीड़िता से अश्लील हरकत कर उसके कपड़े फाड़ दिए और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। इसके बाद पीड़िता ने गुडम्बा थाने में लिखित शिकायत देते हुए मामला दर्ज करवाया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एक लम्बे समय से दोनों पक्षों में परिवारिक–विवाद चल रहा है। दोनों ही पक्ष एक दूसरे आरोप–प्रत्यारोप लगा रहे हैं। फिलहाल मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पोर्टल पर फंसे वृद्धा पेंशन के ५८८१ आवेदन

लखनऊ। अफसरों के पोर्टल पर किए गए योजनाओं के आवेदन आगे नहीं बढ़ाए जा रहे हैं। इससे पोर्टल पर आवेदनों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिले में वृद्धावस्था के कई माह से ५८८१ आवेदन एसडीएम व बीडीओ के पोर्टल पर लंबित हैं। इस कारण लाभार्थी योजना से वंचित हैं। जिले में वृद्धा पेंशन के लिए लाभार्थियों ने अनलाइन आवेदन किए हैं। जो समाज कल्याण विभाग ने सत्यापन के लिए नगर में एसडीएम व ग्रामीण क्षेत्र के बीडीओ के पोर्टल भेजे हैं। जिसमें ५८८१ आवेदन लंबित हैं। जो सत्यापन के लिए संबंधित कर्मचारियों को नहीं दिए गए हैं। इस कारण समाज कल्याण विभाग लाभार्थियों को योजना में शामिल नहीं कर पा रहा है। सबसे ज्यादा नगर क्षेत्र में सदर व सरोजनी नगर के ३३२८ आवेदन लंबित हैं। नगर पंचायत बीकेटी में १८२, जबकि ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत बीकेटी में ४१५, चिनहट १०३, काकोरी २६, माल ६३०, सरोजनी नगर में ३२६ आवेदन लंबित है। वहीं, इस वर्ष १५,३३१ नए आवेदन स्वींत होने से इतने लाभार्थी बढ़े हैं। बुजुर्ग दंपती एक साथ भी आवेदन कर सकते हैं। दोनों को लाभ मिलेगा। जिले में इस वर्ष करीब ६८ हजार लाभार्थीयों को पेंशन मिली है। जबकि १३ हजार से अधिक लाभार्थी आधार प्रमाणीकरण न कराने के कारण लाभ से वंचित हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह ने बताया कि ऐसे लाभार्थी आधार प्रमाणीकरण कराकर योजना का लाभ पाएं। मदद के लिए एलडर लाइन नाम से १४५६७ टोलफ्री नंबर जारी किया गया है।

# रिट्ज रेस्टोरेंट मालिक की हत्या में चार अभियुक्त दोषी करार

लखनऊ। रिट्ज रेस्टोरेंट के मालिक ब्रह्मशंकर खन्ना उर्फ बॉबी की घर के सामने हत्या करने के सनसनीखेज मामले में एडीजे मोहम्मद गजाली ने साजिश रचने के अभियुक्त डॉ. नैमिष त्रिवेदी समेत शूटर सुभाष यादव, सैफ उर्फ वससैफ और अभियुक्तों के मददगार अदनान को दोषी ठहराया है। कोर्ट ने दोषियों को सजा सुनाने के लिए २८ मार्च की तिथि नियत करते हुए, उन्हें जरिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है। सोमवार को भी डॉ. नैमिष त्रिवेदी समेत सभी आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। बहस के दौरान सरकारी वकील लक्ष्मण प्रसाद दीक्षित और ललित किशोर दीक्षित ने कोर्ट में बताया कि मामले की रिपोर्ट वादिनी शिवानी खन्ना ने महानगर थाने में दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि वादिनी एक जनवरी २०१६ को अपने पिता ब्रह्मशंकर खन्ना के साथ रिट्ज रेस्टोरेंट से वापस महानगर स्थित घर लौट रही थी, कार शिवानी चला रही थी। बताया गया कि जब दोनों अपने घर पहुँचे और घर का दरवाजा हर्न बजाने पर नहीं खुला तो ब्रह्मशंकर खन्ना गाड़ी से उतरे उसी समय मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्ति आए और ब्रह्मशंकर पर रिवॉल्वर से गोलियां चला दीं जिससे वादिनी के पिता घायल हो गए। घायल ब्रह्मशंकर को ट्रामा सेंटर ले जाया गया जहां इलाज के दौरान तीन जनवरी को उनकी मौत हो गई। पुलिस की विवेचना में पता चला कि डॉ. नैमिष त्रिवेदी ने अपने मकान को बेचने के लिए ब्रह्मशंकर से सात करोड़ पचास लाख रुपये में सौदा किया था और एक करोड़ ३३ लाख रुपये बयाना लेकर अनुबंध किया था। बताया गया कि नैमिष त्रिवेदी ने उक्त मकान को पूर्व में ही बैंक में बंधक रखकर चार करोड़ सत्तर लाख रुपये का लोन लिया था लिहाजा वह ब्रह्मशंकर के कहने के बावजूद रजिस्ट्री करने में हीला हवाली कर रहा था। डॉ. नैमिष ने बयाने की रकम को हड़पने के लिए सुभाष यादव और सैफ को ब्रह्मशंकर की हत्या के लिए पाँच लाख रुपये की सुपारी दी थी। इस हत्याकांड को लाइसेंसी रिवाल्वर से अंजाम दिया गया था और वह रिवाल्वर आजमगढ़ निवासी अदनान के नाम से थी। पुलिस ने विवेचना के दौरान चारो आरोपीयो को गिरफ्तार करके घटना में प्रयुक्त रिवाल्वर, कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद किया था।

# ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन से जुड़ी याचिका पर सुनवाई को तैयार न्यायालय

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) से जुड़े मुद्दों पर दाखिल एक याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। इसमें इसके मसौदा विधान के कुछ पहलुओं पर आपत्तियां भी शामिल हैं। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा की इन दलीलों पर संज्ञान लिया कि मामले में सुनवाई की जरूरत है। मेहरा ने दिल्ली उच्च न्यायालय में इस मुद्दे पर जनहित याचिका दायर की थी। पीठ ने मामले को सूची में ऊपर रखने की दलील को खारिज करते हुए कहा, ''इसे अगली सुनवाई की तारीख से नहीं हटाया जाएगा।'' मेहतरा ने कहा, ''मामला अत्यावश्यक है और पिछले कुछ समय से इसमें सुनवाई नहीं हुई है।'' शीर्ष अदालत ने नौ फरवरी को कहा था कि उसे एआईएफएफ से जुड़े मुद्दों का निस्तारण करना होगा। इनमें उसके मसौदा विधान पर मंजूरी से जुड़े विषय भी हैं। पीठ ने इस मामले में अदालत की सहायता कर रहे न्यायमित्र और वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन से कहा था कि सभी हितधारकों के वकीलों के साथ बैठक करें और एआईएफएफ के मसौदा विधान पर प्रमुख आपत्तियों का पता लगाएं।

# योगी ने बनाया रिकॉर्ड, यूपी आशा और आकांक्षा की नई दिशा में बढ़ चला : मोदी

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की उत्तर प्रदेश सरकार की सराहना करते हुए कहा कि निराशा की पुरानी छवि से बाहर निकलकर प्रदेश आशा और आकांक्षा की नई दिशा में बढ़ चला है। मोदी ने शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में १,७८० करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली २८ विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि 'यूपी(उत्तर प्रदेश) आज विकास के हर क्षेत्र में नये आयाम स्थापित कर रहा है। कल २५ मार्च को योगी जी की दूसरी पारी का एक वर्ष पूरा हो रहा है। योगी जी ने लगातार सबसे ज्यादा समय तक यूपी का मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड बनाया है।' उन्होंने कहा कि 'निराशा की पुरानी छवि से बाहर निकलकर यूपी आशा और आकांक्षा की नई दिशा में बढ़ चला है। सुरक्षा और सुविधा जहां बढ़ती है वहां समृद्धि आना तय है। यही उत्तर प्रदेश में होता हुआ दिख रहा है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'आज केन्द्र और यूपी में जो सरकार है वह गरीब की




चिंता करने वाली सरकार है, गरीब की सेवा करने वाली सरकार है और आप लोग भले प्रधानमंत्री बोले, सरकार बोलें, लेकिन मोदी तो अपने को आपका सेवक ही मानता है। इसी सेवा भाव से मैं काशी, यूपी और देश की सेवा कर रहा हूं।' भोजपुरी में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए मोदी ने कहा कि 'आप सब लोगन के हमार प्रणाम बा' (आप सभी लोगों को मैं प्रणाम करता हूं)। उन्होंने कहा कि 'एक समय था जब गंगा जी में इसके (पुरातन और आधुनिकता के संगम) बारे में सोचना भी असंभव था लेकिन बनारस के लोगों ने यह भी करके दिखाया और आपके इन्हीं प्रयासों से एक वर्ष के भीतर सात करोड़ से अधिक पर्यटक काशी आए और आप मुझे बताइए ये जो सात करोड़ यहां आ रहे वह बनारस में ही तो ठहर रहे, कभी पूड़ी कचौड़ी खा रहे, कभी जलेबी, लौंग लत्ता का आनंद ले रहे, कभी लस्सी, कभी ठंडई का मजा लिया जा रहा।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'पिछले आठ नौ वर्षों में आप गंगा के बदले हुए घाटों के साक्षी बने हैंय अब गंगा के दोनों तरफ पर्यावरण से जुड़ा बड़ा अभियान शुरू होने वाला है। सरकार का प्रयास है कि गंगा के दोनों तरफ पांच किलोमीटर के हिस्से में प्रों तिक खेती को बढ़ावा दिया जाए।' परियोजनाओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इन सभी परियोजनाओं के लिए बनारस और पूर्वांचल के लोगों को बहुत बहुत बधाई। मोदी ने कहा कि 'काशी के विकास की चर्चा पूरे देश और दुनिया में हो रही है, जो भी काशी आ रहा है, वह यहां से नई ऊर्जा लेकर जा रहा है। नौ वर्ष पहले लोगों को आशंका थी, बनारस में बदलाव नहीं हो पाएगा, काशी में कुछ नहीं हो पाएगा लेकिन काशी के लोगों ने अपनी मेहनत से हर आशंका को गलत साबित कर दिया।' यहां संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में इन परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने वाराणसी कैंट स्टेशन से गोदौलिया तक यात्री रोपवे परियोजना की आधारशिला रखी। इस परियोजना पर करीब ६४५ करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। ३.७५ किलोमीटर लंबी रोपवे प्रणाली में पांच स्टेशन होंगे। इससे पर्यटकों, तीर्थयात्रियों और वाराणसी के निवासियों को आवाजाही में आसानी होगी। प्रधानमंत्री ने नमामि गंगे योजना के तहत भगवानपुर में ५५ एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) क्षमता वाले जल शोधन संयंत्र की आधारशिला भी रखी जिसका निर्माण ३०० करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया जाएगा।

## सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे बोले- वैश्विक सुरक्षा प्रदाता के रूप में अमेरिका की जगह लेना चाहता है चीन

नई दिल्ली। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष को तोड़ने के लिए १२ सूत्री शांति योजना के साथ चीन संयुक्त राज्य अमेरिका को वैश्विक शुद्ध सुरक्षा प्रदाता के रूप में बदलना चाहता है। पुणे में दो दिवसीय रणनीतिक वार्ता के उद्घाटन सत्र में मुख्य भाषण देते हुए जनरल मनोज पांडे ने कहा कि सऊदी अरब और ईरान के बीच शांति वार्ता की मध्यस्थता और यूक्रेन और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए चीनी १२ सूत्रीय शांति योजना को सामने रखना। चल रहे रूस–यूक्रेन संघर्ष ने भू–राजनीतिक सुरक्षा गणित में गहराई से उभरने वाले कई पहलुओं के साथ परिदृश्य में अशांति को जोड़ा है। रूस अमेरिका को वैश्विक शुद्ध सुरक्षा प्रदाता के रूप में बदलने के लिए चीनी तात्कालिकता के



प्रति चिंतनशील है। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि अभिव्यक्तियों का निश्चित रूप से हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव पड़ता है। इसी पृष्ठभूमि के बीच चीन का उदय जारी है। यह अपनी क्षेत्रीय और वैश्विक आकांक्षाओं से प्रेरित है। एक राजनीतिक, तकनीकी और सैन्य शक्ति के रूप में चीन के उदय ने इसे विश्व व्यवस्था में एक नई श्रेणीबद्ध स्थिति प्रदान की है जिसका वह नेतृत्व करना चाहता है। हम रणनीतिक पड़ोस को अनिश्चितता के आर्क के रूप में देख सकते हैं। क्षेत्रीय और साथ ही समुद्री दोनों तरह के अनसुलझे सीमा विवाद, अवैध सीमा पार प्रवासन, अवैध और अनियमित मछली पकड़ने जैसे गैर–पारंपरिक खतरे और जलवायु परिवर्तन से प्रेरित आपदा के लिए क्षेत्रीय भेद्यता के साथ बढ़ते धार्मिक कट्टरवाद दक्षिण एशिया क्षेत्र को खतरे में रखने जा रहे हैं।

## नैनी जेल पहुंचा अतीक अहमद, सुरक्षा के किए गए हैं पुख्ता बंदोबस्त

लखनऊ। माफिया अतीक अहमद गुजरात के साबरमती जेल से नैनी जेल में पहुंच गया है। अपहरण के एक मामले में अन्य आरोपियों के साथ अतीक अहमद के कल प्रयागराज के एक अदालत में पेश किया जाएगा। इसको लेकर अतीक अहमद के कुछ साथियों को भी नैनी जेल लाया गया है। पूरे मामले पर उत्तर प्रदेश के जेल मंत्री धर्मवीर प्रजापति का भी बयान सामने आया है। धर्मवीर प्रजापति ने साफ तौर पर कहा है कि नैनी जेल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसके अलावा बैठक में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। अपने बयान में धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि हमने कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था कर रखी है। जैसे कोर्ट ने निर्देश दिया कि अगर वो समय से जेल पहुंचता है तो उसे (अतीक अहमद) जेल में रखा जाए। धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि हमने कैमरे की व्यवस्था की और उसे कड़ी सुरक्षा में रखा जाएगा। अतीक को ६ गाड़ियों के काफिले से यूपी के प्रयागराज लाया गया था। अतीक अहमद के भाई अशरफ को भी नैनी जेल लाया गया है। इसके अलावा नैनी जेल के मुख्य द्वार पर



पुलिस बलों की तैनाती की गई थी और बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगायी गई थी। नैनी केंद्रीय जेल के एक उच्च अधिकारी ने बताया की अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया है। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त रमित शर्मा के मुताबिक १७ साल पुराने अपहरण के एक मामले में आरोपियों को २८ मार्च को अदालत में पेश किया जाना है। शर्मा के मुताबिक अदालत के आदेश के तहत माफिया अतीक अहमद को प्रयागराज लाया गया है। अहमद समाजवादी पार्टी (सपा) का पूर्व सांसद है और जून २०१६ से साबरमती जेल में बंद है। उत्तर प्रदेश में जेल में रहने के दौरान रियल एस्टेट कारोबारी मोहित जायसवाल के अपहरण और मारपीट के आरोप में उच्चतम न्यायालय ने उसे वहां स्थानांतरित कर दिया गया था। पुलिस ने कहा कि हालिया उमेश पाल हत्याकांड सहित १०० से अधिक आपराधिक मामलों में उसका नाम है। इसी बीच सोमवार सुबह प्रयागराज जाते समय अहमद को ले जा रहे वाहन ने शिवपुरी जिले में एक गाय को टक्कर मार दी। सुबह करीब छह बजकर २५ मिनट पर हुई इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

## ईडी मामले में के कविता को नहीं मिली राहत, महिलाओं को समन जारी करने पर तीन हफ्ते बाद सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के कविता को दिल्ली आबकारी नीति मामले में जांच में शामिल होने से राहत देने से इनकार कर दिया। हालांकि, शीर्ष अदालत धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा ५० के तहत ष्एक महिला को पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय में बुलाया जा सकता हैष् के मुद्दे पर सुनवाई के लिए सहमत हो गई। यह मुद्दा कविता द्वारा दायर याचिका में उठाया गया था, जिन्होंने दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में पूछताछ में शामिल होने के लिए उन्हें जारी किए गए समन को चुनौती दी थी। याचिका में तर्क दिया गया है कि एक महिला को ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए नहीं बुलाया जा सकता है और सीआरपीसी के अनुसार अधिकारियों द्वारा उसके आवास पर पूछताछ की जानी चाहिए। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ के समक्ष पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि एक महिला को ईडी के समन के मुद्दे पर इस अदालत के समक्ष दो समान मामले एक नलिनी चिदंबरम द्वारा और दूसरा अभिषेक बनर्जी द्वारा पहले से ही लंबित हैं। पीएमएलए की व्याख्या पर विजय मदनलाल के फैसले का हवाला देते हुए अतिरिक्त सलिसिटर जनरल एसवी राजू ने तर्क दिया कि पीएमएलए कार्यवाही की धारा ५० एक पीएमएलए प्रक्रिया के तहत शासित होती है, सीआरपीसी नहीं। एएसजी ने तर्क दिया कि गिरफ्तारी तक, सीआरपीसी प्रक्रिया लागू नहीं होती है।

## नियुक्ति की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने बेसिक शिक्षा मंत्री के आवास का किया घेराव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ६९००० शिक्षक भर्ती में हुई आरक्षण की विसंगति में संशोधन के बाद चयनित ६८०० आरक्षित वर्ग के पुरुष, महिला और दिव्यांग अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर एक बार फिर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास पर जमकर प्रदर्शन किया है। सोमवार को भारी तादात में पहुंचे अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी भी की है। यह पहला मौका नहीं है जब अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया हो। इससे पहले कई बार अभ्यर्थी प्रदर्शन कर चुके हैं,लेकिन उनकी मांग पूरी नहीं हो सकी है। दरअसल, ६९००० शिक्षक भर्ती में हुये आरक्षण घोटाले का आरोप लगाते हुए आरक्षित वर्ग के सैंकड़ों शिक्षक अभ्यर्थी सोमवार को बेसिक शिक्षा मंत्री के आवास पहुंच गये। आवास का घेराव करते हुए अभ्यर्थी शिक्षा मंत्री के दरवाजे के बाहर बैठे गये। इस दौरान अभ्यर्थी अपने हाथ में पोस्टर लेकर पहुंचे। जिस पर लिखा था कि पूर्व मुख्यमंत्री, पिछड़े और दलितों के नेता स्वर्गीय कल्याण सिंह के विचारों का करें पालन। दलित, पिछड़े शिक्षकों को नौकरी देकर करें उनके विचारों का अनुपालन। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पोते हैं। इसलिए अभ्यर्थी बेसिक शिक्षा मंत्री के आवास पर इस तरह का पोस्टर बैनर लेकर बैठे है।

# २ दिन के दौरे पर बंगाल पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू, नेताजी भवन में करेंगी शिरकत

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय पश्चिम बंगाल दौरे पर सोमवार को कोलकाता पहुंचीं। राज्य के राज्यपाल सीवी आनंद बोस और मंत्री फिरहाद हकीम ने उनका स्वागत किया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति २७ मार्च (सोमवार) को नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि देने के लिए कोलकाता में नेताजी भवन जाएंगी। इसके बाद, वह गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए जोरासांको ठाकुरबाड़ी – रवींद्रनाथ टैगोर के घर जाएंगी।श राष्ट्रपति उसी शाम कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में उनके सम्मान में आयोजित होने वाले नागरिक स्वागत समारोह में भाग लेंगी। २८ मार्च को राष्ट्रपति मुर्मू बेलूर



मठ जाएंगी। विज्ञप्ति में कहा गया कि वो कोलकाता में यूको बैंक के ८० साल पूरे होने के समारोह में भी शामिल होंगी। बाद में राष्ट्रपति शांतिनिकेतन जाएंगे जहां वह विश्वभारती के वार्षिक दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। १६ मार्च को राष्ट्रपति मुर्मू ने तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले में विवेकानंद रक मेमोरियल का दौरा किया। राष्ट्रपति के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया गया। कि प्रतिष्ठित विवेकानंद रक मेमोरियल का दौरा करना मेरे लिए एक यादगार अनुभव है। मैं स्वर्गीय एकनाथ रानाडे जी की महानता पर अचंभित हूं, जो आध्यात्मिक रूप से आवेशित परिसर के निर्माण के पीछे थे। राष्ट्रपति मुर्मू इससे पहले १६ मार्च से २१ मार्च तक केरल, तमिलनाडु और लक्षद्वीप के एक सप्ताह के दौरे पर थीं।

# राहुल को २२ अप्रैल तक सरकारी आवास खाली करने का नोटिस

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। मानहानि मामले में सूरत कोर्ट मैं दोषी पाए जाने के बाद उन्हें २ साल की सजा सुनाई गई थी। हालांकि, सुनवाई के दौरान ही उनकी जमानत याचिका मंजूर हो गई। लेकिन २ साल की सजा होने की वजह से राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई। इसको लेकर सियासी संग्राम छिड़ा हुआ है। इन सबके बीच राहुल गांधी को अब सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस मिल गया है। लोकसभा की हाउसिंग कमेटी की ओर से यह नोटिस दिया गया है। नोटिस के मुताबिक राहुल गांधी को २२ अप्रैल तक अपना सरकारी आवास खाली करना होगा। राहुल गांधी १२ तुगलक रोड पर रहते हैं। राहुल गांधी वायनाड से सांसद थे। लेकिन मानहानि मामले में दोषी पाए जाने के बाद उनके सांसदी अयोग्य घोषित कर दी गई थी। इसी कारण बंगला खाली करने का नोटिस उन्हें दिया गया है। कांग्रेस का दावा है कि राहुल गांधी के मामले में केंद्र की मोदी सरकार ने जल्दबाजी दिखाई है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह राहुल गांधी के प्रति भाजपा की नफरत को दर्शाता है। नोटिस दिए जाने के बाद ३० दिनों की अवधि के लिए, व्यक्ति उसी घर में रहना जारी रख सकता है। उन्होंने कहा कि ३० दिनों की



समयावधि के बाद, कोई व्यक्ति बाजार दरों पर किराए का भुगतान करके उसी घर में रहना जारी रख सकता है। राहुल गांधी जेड प्लस सुरक्षा श्रेणी में आते हैं। आज कांग्रेस सांसदों ने जबरदस्त तरीके से प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसद संसद में काले कपड़े पहनकर पहुंचे हुए थे। राहुल गांधी का साफ तौर पर कहना है कि मोदी सरकार उनकी आवाज को दबाना चाहते हैं। लेकिन वे डरेंगे नहीं। वे लगातार लोकतंत्र के लिए अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

# लोकतंत्र को कमजोर करने वाले सत्याग्रह नहीं कर सकते : सीएम योगी

लखनऊ। राहुल गांधी की सांसदी जाने के विरोध में कांग्रेस के सत्याग्रह कार्यक्रम पर तंज कसते हुए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाले सत्याग्रह नहीं कर सकते हैं। सीएम योगी ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी निशान साधा। सीएम योगी ने कहा कि देश को भाषावाद और क्षेत्रवाद जैसे तमाम वादों में बांटने वाले भी सत्याग्रह नहीं कर सकते। मौन जीवों की बात तो दूर मनुष्य के प्रति भी जिनकी संवेदना न हो, उन्हें सत्याग्रह का अधिकार नहीं है। सीएम योगी ने रविवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी पर जमकर कटाक्ष किए। सीएम योगी ने कहा कि गांधी जी ने



अपने जीवन में सदैव सत्य, अहिंसा और अस्तेय को स्थान दिया था। उनका इस बात के लिए आग्रह था। उनका आग्रह ही सत्याग्रह कहलाया। उन्होंने कहा कि देश के अंदर बहुत सारे लोगों को शासन करने का अवसर प्राप्त हुआ था, लेकिन मौन जीवों की बात दूर मनुष्य के प्रति भी जिनके अंदर भाव न हो, वो क्या सत्याग्रह करेंगे। असत्य के मार्ग पर चलने वाला सत्याग्रह की बात नहीं कर सकता। आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हुए लोग सत्याग्रह नहीं सकते हैं। इस दौरान सीएम योगी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्याग्रह की व्याख्या करते हुए कहा कि मन, वचन और कर्म पर चलना ही सत्याग्रह है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को उनके आचार और व्यवहार पर आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जिसके आचरण और व्यवहार, आचार और विचार, कथनी और करनी में फर्क होता है, वह सत्याग्रह नहीं कर सकता।

# लखनऊ विश्वविद्यालय में पंजीकरण शुल्क को लेकर छात्रों में आक्रोश

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में दाखिले शुरू हो गये हैं। इस बार दाखिले के लिए विश्वविद्यालय की तरफ से एक नियम बनाया गया है। जिसके तहत छात्रों को दाखिले से पहले रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। रजिस्ट्रेशन कराने के लिए छात्रों को शुल्क के तौर पर १०० रुपये शुल्क जमा करना होगा। विश्विवद्यालय के इस नियम का विरोध भी कुछ छात्रों की तरफ से शुरू कर दिया गया है। सोमवार को इस नियम के विरोध में छात्र संगठनों से जुड़े छात्रों ने धरना देकर प्रदर्शन किया। आक्रोशित छात्र रजिस्ट्रेशन शुल्क के आदेश को वापस लेने की मांग कर रहे थे। छात्रों ने इसकों लेकर एक ज्ञापन भी कुलपति को सौंपा है। बताया जा रहा है कि लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे सम्बद्ध कलेजों में शैक्षणिक सत्र २०२३–२४ के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो छात्र लखनऊ विश्वविद्यालय या फिर उससे सम्बद्ध कलेज में दाखिला चाहते हैं, उन्हें पंजीकरण कराना होगा और इसके लिए १०० रूपये का शुल्क तय किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से यह आदेश जारी होने के बाद समाजवादी छात्र सभा व बिरसा अंबेडकर फुले छात्र संगठन ने एक साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। छात्रों ने यह प्रदर्शन विश्वविद्यालय परिसर में किया है। छात्रों का कहना है कि इस शुल्क से छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

# जनरल सर्जरी विभाग के प्रो.पाहवा बने यूरोल जिकल एसोसिएशन ऑफ यूरोल जी के प्रदेश अध्यक्ष

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) स्थित जनरल सर्जरी विभाग के प्रो. हरविंदर सिंह पाहवा को यूरोलजिकल एसोसिएशन ऑफ यूरोलजी (उत्तर प्रदेश ) का अध्यक्ष चुना गया है। डॉ. पाहवा को इस उपलब्धि पर केजीएमयू के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. बिपिन पुरी ने बधाई दी है। दरअसल, दो दिन पूर्व नोएडा में यूरोलजिकल एसोसिएशन ऑफ यूरोलजी का वार्षिक सम्मेलन UAUCON–२०२३ हुआ था। इसी सम्मेलन में प्रोफेसर हरविंदर सिंह पाहवा को अध्यक्ष चुना गया है। प्रो. हरविंदर सिंह पाहवा ने कहा है कि इस एसोसिएशन को और अधिक जीवंत और सक्रिय बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करूंगा और नया सदस्यता अभियान भी शुरू करूंगा। साथ ही उन्होंने यह भी बताया है कि एसजीपीजीआई और आरएमएल लखनऊ के सहयोग से केजीएमयू लखनऊ यूरोलजी चौप्टर के साथ केजीएमयू में अगले साल वार्षिक सम्मेलन UAUCON–२०२४ की मेजबानी करेगा। इसके अलावा यूरोलजी चौप्टर के लखनऊ चौप्टर को प्रोफेसर एसएन संखवार के चेयरमैनशिप के तहत सर्वश्रेष्ठ सिटी चौप्टर से सम्मानित किया गया, जबकि वाराणसी और गोरखपुर दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

# पत्नी ने पति पर लगाया अप्राकृतिक संबंध बनाने का आरोप

लखनऊ। कैसरबाग कोतवाली में एक विवाहिता ने पति चन्द्रेश दिवाकर के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है। आरोप है कि पति अप्राकृतिक संबन्ध बनाने का जोर देता था। विरोध करने पर आरोपी ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक रामेंद्र सिंह ने बताया कि कैसरबाग कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली विवाहिता ने पति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई है। मैट्रिमोनी साइट की मदद से वर्ष २०२२ में उसने बदायूं जनपद के बिसौली निवासी चन्द्रेश दिवाकर से दूसरी शादी की थी। आरोप है कि शादी के बाद पति उससे जबरन अप्रेतिक संबन्ध बनाने लगा। करीब आठ महीने तक विवाहिता प्रताड़ना झेलती रही। सहनशीलता समाप्त होने पर उसने विरोध किया तो आरोपी पति ने मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने महिला के पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# पार्टनरशिप का झांसा देकर बिल्डर से हड़पे ५० लाख

लखनऊ। कानपुर के बिल्डर असद उल्लाह से जमीन का अनुबंध कर साझे में अपार्टमेंट बनाने का झांसा देकर तीन जालसाजों ने ५० लाख रुपये हड़प लिए। ठगे जाने पर बिल्डर ने रुपयों का तकादा किया, तो खुद को माफिया मुख्तार अंसारी का गुर्गा बताकर जालसाजों ने धमकाया। इसके बाद पीड़ित ने चौक कोतवाली में तहरीर देते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है। प्रभारी निरीक्षक केके तिवारी के मुताबिक बिल्डर असद उल्लाह ने बताया कि वर्ष २०२० में एक मित्र के माध्यम से उनकी मुलाकात विक्टोरिया स्ट्रीट निवासी सैयद मेहंदी अब्बास जैदी, सैयद मोहम्मद बाकर अब्बास और आबिद अब्बास से मुलाकात हुई थी। तीनों ने नासिक लेन विक्टोरिया स्ट्रीट पर अपनी जमीन पर बिल्डर अनुबंध कर अपार्टमेंट बनाने की बात कही। मोटे मुनाफे का झांसा दिया। इसके बाद उपनिबंधक कार्यालय में गवाहों के समक्ष अनुबंध हुआ। पीड़ित ने बताया अपार्टमेंट बनवाने के लिए ५० लाख रुपये तीनों को दिए और ३० लाख रुपये संपत्ति से संबंधित अन्य कार्यों में खर्च किए। रुपये देने के बाद भी जालसाजों ने निर्माणकार्य शुरू नहीं किया और टाल मटोल करते रहें। रुपयों की मांग की तो जालसाजों ने खुद को माफिया मुख्तार अंसारी का गुर्गा बताते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच–पड़ताल कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# 'घोड़ों की दौड़ के लिए गधा मिल रहा है'..राहुल गांधी मामले में मोदी के मंत्री हरदीप सिंह पुरी का तंज

नई दिल्ली। मानहानि मामले में राहुल गांधी को सूरत कोर्ट से मिली २ साल की सजा के बाद लोकसभा सदस्य के तौर पर अयोग्य घोषित कर दिया गया है। इसके बाद से कांग्रेस जबरदस्त तरीके से मोदी सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस और मोदी सरकार को तानाशाह बता रही है। आज काले कपड़े पहनकर मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। इन सब के बीच केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने राहुल गांधी और कांग्रेस को लेकर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने तंज भरे लहजे में साफ तौर पर कहा कि घोड़ों के साथ गधों की दौड़ कराई जा रही है। दरअसल, संसद भवन के बाहर हरदीप सिंह पुरी पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उनसे इसको लेकर सवाल पूछा गया। हरदीप पुरी ने कहा कि कहां भगवान राम है और कहां के लोग हैं। हरदीप पुरी ने कहा कि राहुल गांधी कहते हैं कि मैं माफी नहीं मांगूंगा क्योंकि सावरकर नहीं हूं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आपको पता है कि सावरकर जी का क्या योगदान



रहा है? यह उसी तरह है जैसे कि घोड़ों के साथ एक गधे की दौड़ हो रही हो। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इन लोगों को गंभीरता से आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की मेलोड्रामा करने की जरूरत नहीं है। देश की जनता समझदार है और इसका फैसला खुद करेगी। उन्हें कोर्ट की ओर से सजा दी गई है और इस प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। आप महाभारत और सावरकर के बात क्यों कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी को ७ जन्म लेना पड़ेगा तब वीर सावरकर को जान पाएंगे। सावरकर ने अपनी पूरी जिंदगी सेलुलर जेल में काटी, क्या वे कभी सेलुलर जेल गए हैं? राहुल गांधी एक बार सेलुलर जेल जा के देखें तब उन्हें पता चलेगा कि सावरकर क्या है? केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी सावरकर कभी नहीं हो सकते। सावरकर जी कभी ६ महीने विदेश घुमने नहीं जाते थे। उन्होंने कहा कि हर सत्र के बाद उन्हें छुट्टी नहीं चाहिए होती थी, वे आजादी के लिए समर्पित थे। वीर सावरकर का तो अपना किया ही लेकिन नेहरू जी और इंदिरा गांधी का ही सम्मान बचा लेते।

# इटौंजा क्षेत्र में डालडा फैक्ट्री में लगी भीषण आग

लखनऊ। इटौंजा के महिगवां चौकी क्षेत्र में सीतापुर रोड पर स्थित एक डालडा फैक्ट्री में शनिवार देर रात आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलने पर बीकेटी फायर स्टेशन व आसपास के फायर स्टेशन से कुल पांच दमकल मौके पर भेजे गए। समाचार लिखो जाने तक अग्निशमन विभाग की टीमें मौके पर आग बुझाने में लगी हुई थीं। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, पर फैक्ट्री का लाखों का सामान जलने की बात बताई जा रही है। मामले की जानकारी देते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) मंगेश कुमार ने बताया कि रात करीब ११:२० बजे इटौंजा के महिगवां चौकी क्षेत्र में सीतापुर रोड पर स्थित एक डालडा फैक्ट्री में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलने पर तत्काल बीकेटी व आसपास के फायर स्टेशन से कुल ५ दमकल मौके पर भेजे गए। फैक्ट्री में लगी भीषण आग ने समीप की एक बिल्डिंग को भी जद में ले लिया था। देर रात तक दमकल की गाड़ियां आग बुझाने के कार्य में लगी हुई थीं। आग से हुए नुकसान का अबतक आंकलन नहीं लगाया



जा सका है। आग लगने के कारणों का भी अबतक पता नहीं चल सका है। मालिक से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बाद फायर एनओसी के संबंध में पूछताछ होगी। अगर फैक्ट्री बिना फायर एनओसी के संचालित है तो फैक्ट्री मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर डालडा तैयार किया जाता था। तैलीय पदार्थ होने के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया था। ये तो गनीमत थी कि मौके पर फैक्ट्री बंद थी और कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। प्राप्त जानकारी के अनुसार फैक्ट्री का सुरक्षा गार्ड आग से आंशिक रूप से झुलस गया है। अग्निशमन विभाग को हाल ही में अत्याधुनिक उपकरणों का भी शनिवार को पहली बार इस्तेमाल हुआ। इस दौरान अग्निशमन विभाग की ओर से फैक्ट्री में फोम कंपाउंड का उपयोग किया। विदित हो कि फोम कंपाउंड नाइट्रोजन गैस को फोम के रूप में स्प्रे करता है, जिससे तैलीय पदार्थों पर फोम की पर्त चढ़ जाती है और आग जल्द से जल्द बुझ जाती है और आगे नहीं बढ़ पाती। गत १ मार्च को ही अग्निशमन विभाग को फोम कंपाउंड समेत १० नए तरह के आधुनिक उपकरण स्वीकृत किये गये थे।

# किशोर को पड़ोसी ने चौथी मंजिल से फेंका, हालत गंभीर

लखनऊ। आशियाना कोतवाली के बंगला बाजार चौकी क्षेत्र अंतर्गत भदरुख में डीजे बजाने पर पड़ोसी ने डांस कर रहे किशोर को चौथी मंजिल से नीचे फेंक दिया और जमकर मारपीट की। गंभीर रूप से घायल किशोर को तत्काल लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। किशोर की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना गत २३ मार्च की रात की बताई जा रही है। इधर परिजनों की लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस ने शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जानकारी देते हुए आशियाना कोतवाली प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि परिजनों से प्राप्त शिकायत के अनुसार गत २३ मार्च को ध्रुव शर्मा अपने बेटे शिवकुमार का जन्मदिन मना रहे थे। घर में पार्टी रखी हुई थी और घर की छत पर डीजे लगाया गया था। रात करीब १० बजे जब बच्चे डीजे पर डांस कर रहे थे तभी पड़ोसी दिलदार आया और बच्चों को डीजे बंद करने को कहा। बच्चों ने ध्यान नहीं दिया तो दिलदार गालीगलौज करने लगा। पत्नी पूजा बाहर आई और दिलदार को समझाने की कोशिश की। उस वक्त तो लौट गया। पर करीब आधे घंटे के बाद अपने करीब दो दर्जन साथियों के साथ पहुंचा और बच्चों को पीटना शुरू कर दिया। ध्रुव, उसकी पत्नी और अतिथियों को भी पीटा। इस दौरान भांजा विशाल बीचबचाव करने आया दिलदार ने उसे चौथी मंजिल से नीचे फेंक दिया। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। विशाल की ट्रामा सेंटर में हालत गंभीर बनी हुई है। इंस्पेक्टर अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि शनिवार को आरोपी दिलदार को कासाग्रीन क्रसिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की भी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# बिलकिस बानो मामले के दोषी ने गुजरात के दाहोद में भाजपा सांसद-विधायक के साथ मंच किया साझा

नई दिल्ली। २००२ के दंगों के दौरान बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार मामले और उसके परिजनों की हत्या के ११ दोषियों में से एक को पिछले साल अगस्त में रिहा किया गया था। अब उसको लेकर खबर सामने आई है कि उसने २५ मार्च को दाहोद जिले के करमाडी गांव में राज्य सरकार के एक समारोह में की पीठ कई राजनीतिक और नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं द्वारा दायर याचिकाओं और बानो द्वारा दायर एक रिट याचिका पर सुनवाई करेगी। बिलकिस बानो ने पिछले साल ३० नवंबर को शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें राज्य सरकार द्वारा ११ दोषियों की षमय से पहलेष रिहाई को चुनौती देते



भाजपा सांसद के साथ मंच साझा किया था। शैलेश भट्ट के रूप में पहचाने गए दोषी को दाहोद के सांसद जसवंतसिंह भाभोर और लिमखेड़ा के विधायक शैलेश भाभोर के साथ कर्जन जलाशय के तहत विभिन्न जल आपूर्ति योजनाओं के शिलान्यास समारोह के दौरान मंच साझा करते देखा गया। यह घटना बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार मामले में ११ दोषियों की सजा में छूट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट की विशेष पीठ की सुनवाई शुरू होने से ठीक पहले सामने आई, जिसमें उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या भी शामिल है। २००२ के गुजरात दंगे। जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना हुए कहा था कि इसने समाज की अंतरात्मा को हिला दिया है। गौरतलब है कि इससे पहले २२ मार्च को सुप्रीम कोर्ट २००२ के गोध्रा दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या करने वाले ११ दोषियों की समय से पहले रिहाई को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए एक बेंच गठित करने पर सहमत हो गया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ ने अपनी वकील शोभा गुप्ता के माध्यम से प्रतिनिधित्व करने वाली बानो को आश्वासन दिया कि नई पीठ का गठन किया जाएगा।

# लखनऊ में ठेला संचालक पर दरोगा ने बरसाये थप्पड़, बोले अखिलेश- 'क्या यही है भाजपा का अमृत काल?'

लखनऊ। विधि व्यवस्था कायम करने के नाम पर गरीब जनता पर बर्बरता करना तो लखनऊ पुलिस का कमन ट्रेंड बन गया है। शनिवार को सोशल मीडिया पर एक दरोगा का गरीब ठेले वाले पर तमाचे बरसाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। वहीं वीडियो को ट्विटर पर शेयर करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि 'क्या यही है भाजपा का अमृत काल?'। फिलहाल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी दरोगा की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। वायरल वीडियो के अनुसार, शुक्रवार देर रात १०६० चौराहे पर पहुंची पुलिस वहां दुकान लगाये ठेला संचालकों को जाने के लिए बोलने लगी। पुलिस के कहने पर सभी ठेले वाले चुपचाप वहां से जाने लगे। पर इतने में ही एक दरोगा ने ठेला लेकर जा रहे एक युवक के पास जाकर उसपर ताबड़तोड़ तमाचे बरसाने शुरू कर दिया। इसके बाद गरीब ठेला चालक चुपचाप वहां से निकल गया। इस दौरान किसी ने पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इधर वीडियो के वायरल होने के बाद शनिवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी इस वीडियो को अपने ट्विटर अकाउंट से शेयर करते हुए सरकार पर तंज कसा और कहा कि क्या यही है भाजपा का अमृतकाल। अखिलेश यादव के ट्वीट का संज्ञान लेते हुए लखनऊ कमिश्नरेट के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से मामले में अविलंब कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। वायरल वीडियों में राउडी दरोगा का चेहरा साफ नजर आ रहा है, इसके बावजूद आला अधिकारी उसे बचाने में लगे हुए हैं। मामले को लेकर गौतमपल्ली प्रभारी से कई बार दरोगा का नाम बताने को कहा गया, पर उन्होंने कहा कि दरोगा को पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# युवक ने दी महिला सिपाही पर एसिड फेंकने की धमकी

लखनऊ। आशियाना थाने में तैनात एक महिला सिपाही ने योगेंद्र पांडे नामक शख्स के खिलाफ एसीपी कैंट अनूप सिंह से लिखित शिकायत देते हुए पीजीआई थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। कई महीनों से आरोपी समझौता करने के साथ जबरन शादी रचाने का दवाब बना रहा है। इस प्रस्ताव को इंकार करने पर योगेंद्र ने महिला सिपाही का अश्लील वीडियो वायरल करने और उस पर तेजाब फेंकने की धमकी दे रहा हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जांच–पड़ताल में जुट गई है। बताते चलें कि पीजीआई थानाक्षेत्र अन्तर्गत कल्ली पश्चिम न्यू पुलिस लाइन निवासी महिला सिपाही आशियाना थाने में तैनात है। गत २४ दिसम्बर को महिला सिपाही ने रायबरेली जनपद के हरचंद्रपुर थानाक्षेत्र के काजी पुरवा निवासी योगेंद्र पांडे के खिलाफ गंभीर धाराओं में पीजीआई थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। आरोप




है कि गत २३ दिसम्बर की रात करीब १० बजे योगेंद्र सिपाही के घर पहुंचा गया और उसे फोन कर नीचे बुलाने की जिद करता रहा। जब महिला सिपाही ने आने से मना किया तो उसने पीड़ित की स्कूटी में आग लगा दी थी। इस सम्बन्ध में महिला सिपाही ने आरोपी के खिलाफ पीजीआई थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। इस पर पुलिस ने योगेंद्र के खिलाफ आईपीसी–१५१ की चालानी कार्रवाई की थी। हरकतों से बाज नहीं आ रहा आरोपी महिला सिपाही ने बताया कि योगेंद्र लगातार उसका मानसिक उत्पीडन कर रहा है। वह समझौते करने के अलावा उससे जबरन शादी का दबाव भी बना रहा है। इंकार करने पर योगेंद्र नए–नए नबंरों से उसका अश्लील वीडियो वायरल और ऊपर तेजाब फेंकने की धमकी भी दे रहा है। इस सम्बन्ध में एसीपी कैंट अनूप सिंह ने बताया कि सर्विलांस की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की किस्त दिए जाने की उठी मांग

लखनऊ। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की किस्त दिए जाने की अपील की




है। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा की तरफ से मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार की तरह १ जनवरी से देय ४ प्रतिशत महंगाई भत्ते का इंतजार प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को है। रामनवमी तक यदि महंगाई भत्ते की किस्त मिल जाती है तो प्रदेश के लाखों कर्मचारी व शिक्षक भीषण महंगाई से राहत पाएंगे साथ ही अपने परिवार का भरण पोषण भी उचित तरीके से कर सकेंगे। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष वीपी मिश्रा एवं महासचिव शशि कुमार मिश्र ने कहा है कि लगातार महंगाई की मार झेल रहे कर्मचारी और शिक्षकों को यदि समय रहते महंगाई भत्ते की किस्त मिल जाती है तो उनके परिवारों को भी काफी राहत मिलेगी। इसके अलावा उन्होंने कहा है कि बिजली कर्मचारियों के ऊपर उत्पीड़न दंडात्मक कार्यवाही को समाप्त करके आपसी सद्भाव का वातावरण बनाया जाये । इस उत्पीड़न की कार्यवाही से प्रदेश के सभी कर्मचारी आहत व आक्रोशित हैं।

# सारस के दोस्त आरिफ को डराना चाहती है सरकार : अखिलेश

लखनऊ। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर हमला बोलते हुये कहा है कि सारस के दोस्त आरिफ को डराना चाहती है सरकार। आखिर आरिफ से सरकार की क्या दुश्मनी हो सकती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के कुछ नेता मेरी लोकप्रियता देख कर परेशान हैं। इसीलिए सारस की जान बचाने वाले आरिफ के ऊपर धारा लगाकर सरकार डाराना चाहती है,लेकिन याद रहे समय बदलेगा, तो कानून सबके लिए बाराबर काम करेगा। उन्होंने बिना किसी का नाम लिये इशारे–इशारे में कहा कि किसी को कुछ भी पालने नहीं देंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि हमे जानकारी हुई कि आरिफ नाम के एक युवक ने एक घायल सारस की जान बचाई है तो मैं आरिफ से मिलने चला गया। इससे क्या हो गया। हो सकता है आरिफ मुझे वोट दे, लेकिन सारस तो मुझे वोट नहीं



दे सकता, फिर भी उसको आरिफ से अलग कर दिया गया। सपा मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव रविवार को राजधानी स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सांड रोज सड़कों पर लोगों की जान ले रहे हैं। मुख्यमंत्री क्या कर रहे हैं। गोरखपुर के अंदर एक हाथी ने पहले साल २०१६ में अपने महावत को मार डाला, उसके बाद साल २०२३ में उसी हाथी ने तीन लोगों की जान ले ली, लेकिन उन्होंने बिना किसी का नाम लिये हुये कहा कि हाथी पालने वाले पर सरकार ने काई कार्रवाई नहीं की। क्योंकि वह स्वजातिये हैं, बल्कि मुआवजा अपनी तरफ से दिया। जबकि एक बार मैने आगरा एक्सप्रेस वे पर जा रहे हाथी की फोटो ट्ववीट कर दी थी, जिसके बाद एसटीएफ ने उसके महावत को पकड़ लिया था। इस तरह के तमाम मामलों की बात करते हुये अखिलेश यादव ने वनविभाग के अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि वन विभाग की तरफ से अलग– अलग मामलों में कार्रवाई भी भिन्न– भिन्न तरीके से की जाती है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने सारस की बेहतरी के लिए इटावा में ट्रेनिंग स्कूल खोलने के लिए कार्य शुरू किया था, लेकिन मौजूदा सरकार ने उस प्रोजेक्ट पर काम ही रोक दिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार होती, तो सारस की जान बचाने के लिए आरिफ को सम्मानित करती।

## अमृतसर में जैकलीन के साथ फिल्म 'फतेह' की शूटिंग शुरू करेंगे सोनू सूद

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद, जैकलीन फर्नांडीस के साथ अमृतसर में फतेह की शूटिंग शुरू करेंगे। सोनू सूद और जैकलीन फर्नांडीज अमृतसर पहुंचे हैं। वह जल्द ही अपनी फिल्म श्फतेहश की शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं। फिल्म की शूटिंग से पहले उन्होंने अपने पूरे क्रू के साथ गोल्डन टेंपल में माथा टेका। सोनू सूद ने कहा कि वह बचपन से अपने परिवार के साथ माथा टेकने यहां आते रहे हैं, लेकिन अब वह अपने फिल्म के परिवार के साथ यहां पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म श्फतेहश एक एक्शन थ्रिलर है, जो पंजाब पर ही आधारित है। इसे सोनू सूद की ही होम प्रोडक्शन शक्ति सागर प्रोडक्शंस के बैनर तले ही तैयार किया जा रहा है। सोनू सूद ने बताया कि इस फिल्म



की शूटिंग को वह अमृतसर से शुरू करने जा रहे हैं। इस फिल्म को वैभव मिश्रा निर्देशित कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म हैकर्स पर आधारित होने वाली है।

## फिल्म की शूटिंग के लिए वाराणसी आई भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे ने आत्महत्या की

वाराणसी। भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे ने रविवार को वाराणसी के एक होटल के कमरे



में आत्महत्या कर ली। वह सारनाथ इलाके में अपने होटल के कमरे में लटकी मिली। वह एक फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में वाराणसी में थीं। पुलिस ने घटना की जानकारी उसके परिजनों को दे दी है। आकांक्षा का जन्म २१ अक्टूबर १६६७ को मिजार्पुर, उत्तर प्रदेश में हुआ था। उन्हें छोटी उम्र से ही नृत्य और अभिनय का शौक था और इसलिए उन्होंने टिकटक और इंस्टाग्राम पर अपने छोटे नृत्य और अभिनय वीडियो साझा कर अपने अभिनय करियर की शुरूआत की। शनिवार रात भी उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया था। लगभग एक महीने पहले, अभिनेत्री तब चर्चा में आई जब उसने वेलेंटाइन डे पर अपने रिश्ते को इंस्टाग्राम पर बताया। उन्होंने को–स्टार समर सिंह के साथ तस्वीरें शेयर की थी। उन्होंने लिखा था, 'हैप्पी वैलेंटाइन्स डे।' पुलिस अधिकारियों ने इस घटना पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक